DAINIK BHASKAR, Delhi, 12.7.2017
Page No. 2, Size:(21.34)cms X (10.38)cms.

भास्कर खास | स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व आधार लिंक्ड बैंक अकाउंट होना जरूरी होगा

आधार ने कहानी और फिल्म भेजने की स्पर्धा शुरू की, ₹5 से 50 हजार तक मिलेगा इनाम, इसके लिए भेजनी होगी ऑनलाइन एंट्री

भास्कर न्यूज नेटवर्क | नई दिल्ली

आधार ने देश के सभी लोगों के लिए एक प्रतियोगिता शुरू की है। इसमें आधार से जुड़ी कहानियां व फिल्में भेजनी हैं। कहानियों पर 5 से 20 हजार रु. तक इनाम मिलेगा। वहीं फिल्मों पर 20 से 50 हजार रु. के इनाम की घोषणा की गई है। यह प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने के लिए आधार कार्ड व आधार लिंक्ड बैंक अकाउंट होना जरूरी है। यह जानकारी आधार के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट ने दी है।

'आधार है तो आसानी है' के नाम से कहानी प्रतियोगिता शुरू की गई है। 10 जुलाई से शुरू इस प्रतियोगिता में 8 अगस्त रात 12 बजे तक केवल ऑनलाइन एंट्री भेजी जा सकती है। आधार से जुड़ी 250 से 500 शब्दों में सीमित ये कहानियां, अनुभव माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, पीडीएफ या किसी ब्लॉग से लिंक के फार्मेट में हो सकते हैं। केवल हिंदी या अंग्रेजी भाषा में इन्हें आधार के फेसबुक या ट्विटर पर प्राइवेट मैसेज के तौर पर भेजा जा सकता है। भेजने वाले को अपना आधार नंबर, नाम, पता व बैंक अकाउंट के आधार से जुड़े होने की जानकारी देनी होगी। टॉप 5 कहानियों को 20 हजार रु. का इनाम दिया जाएगा। वहीं 20 कहानियों को 5-5 हजार का इनाम मिलेगा। नतीजे 7 सितंबर को सोशल मीडिया पर घोषित होंगे।





इसी तरह "मेरी आधार फिल्म" प्रतियोगिता में 10 जुलाई से 23 अगस्त तक एंट्री की जा सकती है। इसमें 5 मिनट तक की हिंदी या अंग्रेजी माध्यम की फिल्म ऑनलाइन भेजनी होगी। ये फिल्में एमपी4, एवीआई, एफएलवी, डब्ल्यूएमवी, एमपीईजी या एमओवी वीडियो फारमेट में होनी चाहिए। साथ ही इनका फुल एचडी रिजोल्यूशन (1920*1080) में होना जरूरी है। एक प्रतिभागी केवल एक ही एंट्री भेज सकता है। टॉप 3 फिल्मों को 50-50 हजार रु. का इनाम मिलेगा। वहीं 10 बेस्ट फिल्मों को 20-20 हजार रु. दिए जाएंगे।